an>

Title: Need to allocate funds from Central Road Fund for construction of roads in Satna Parliamentary Constituency of Madhya Pradesh.

श्री गणेश सिंह (सतना) : महोदया, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के भूतल परिवहन मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं। मैं मध्य प्रदेश के सतना लोक सभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं। यह पर्यटन एवं औद्योगिक दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण जिला है। लंबा समय बीत गया, लेकिन मेरे जिले को केन्द्रीय सड़क निधि से कोई राशि उपलब्ध नहीं कराई गई।

मेरा प्रस्ताव है, नंबर एक - गाजन-छिबौरा रोड से मझियार, कंदवा, बकिया, गोलहटा, टिकुरी, लौलाछ, खाम्हा, भटिगवां, ढ़ोंढ़ी, किचवरिया, इटौर, मैनपुरा, अकौरा, टिकरी, खम्हरिया से गोरईया तक। नंबर दो - रामपुर बाघेलान से तपा, बगहाई, बैंरिहा, झांझर, करमऊ, रघुनाथपुर, रामनगर, मझियार, बरती, गढ़वा कला, खोहर, रेहुटा तक।

नंबर तीन- अमरपाटन रामनगर रोड से गोरसरी से जिगना।

नम्बर चार, सज्जनपुर से छिबौरा, गाजन रोड का निर्माण कराया जाये।

उक्त चारों सड़कों का केन्द्रीय निधि से निर्माण कराया जाये, साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 75 जो सतना शहर से होकर निकलती है, किन्तु अत्यधिक खराब है उसके पुनर्निर्माण तथा रेलवे पर जो ओवर ब्रिज बना है, वह अत्यंत जर्जर हो गया है, उसके पुनर्निर्माण के साथ-साथ सोहावल मोड़ से मरौहा तक सड़क के पुनर्निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन है, उसकी स्वीकृति दी जाये। साथ ही दो राज्य मध्य प्रदेश एवं उत्तर पदेश को जोड़ने वाली सड़क सतना, सेमरिया, सिरमौर, जवा, सूती, पटहट, शंकरगढ़, इलाहाबाद रोड को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया जाये।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री गणेश सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।